मुख्य बाजार में दुकानों में घुसा पानी, व्यापारियों में आक्रोश

खास बातें

- व्यापारी बोले- तेज बारिश में हर बार यही परेशानी
- सड़क नीची कर निर्माण कराने की मांग

नवभारत न्यूज

सिरोंज 11 अगस्त, शहर में सोमवार सुबह हुई तेज बारिश से मुख्य बाजार के निचले हिस्से में स्थित करीब आधा दर्जन दुकानों में बारिश का पानी भर गया. गनीमत रही कि उस समय कई दुकानें खुल चुकी थीं और व्यापारियों ने समय रहते पानी निकालकर स्थिति संभाल ली. अन्यथा सामान खराब होने से व्यापारियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता था.

व्यापार महासंघ सिरोंज के अध्यक्ष अर्पित मित्तल ने बताया कि तेज बारिश के दौरान मुख्य बाजार के निचले हिस्से में दुकानों में पानी भरने की समस्या लगातार सामने आती है. व्यापारियों द्वारा कई बार जामा मस्जिद के पास से सराफा बाजार तक सड़क को नीचा कर बनाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद अब तक इस हिस्से का निर्माण नहीं हुआ है.

उन्होंने कहा कि तेज बारिश के दौरान दुकानों में पानी भरने से व्यापारियों को हर बार परेशानी झेलनी पड़ती है. कई बार व्यापारियों का सामान खराब हो जाता है जिससे उनको काफी क्षति होती है. सोमवार सुबह भी मुख्य बाजार की करीब आधा दर्जन दुकानों में बारिश का पानी आ गया. गनीमत रही कि उस समय कई दुकानें खुल चुकी थीं और व्यापारियों ने समय रहते पानी निकालकर स्थिति संभाल ली. अन्यथा सामान खराब होने से व्यापारियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता था. उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा. बाजार में सुलभ कॉम्प्लेक्स, पार्किंग सहित कई समस्याएं है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. यदि जल्द समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद व्यापारी आंदोलन करने को विवश होंगे.

इनका कहना है -

नगरपालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि जामा मस्जिद के पास से जमना चौराहा तक करीब 32 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और टेंडर खुल चुके हैं. बारिश के बाद सड़क का निर्माण कराया जाएगा.

बीना-सिरोंज हाइवे पर भीषण हादसा, तीन वाहन टकराए

- सड़क किनारे खड़ी डीजे गाड़ी को ट्राले ने मारी टक्कर, दूसरे ट्राले से भी भिड़ा
- एक गंभीर घायल, हाइवे पर लगा लंबा जाम

नवभारत न्यूज

कुरवाई 11 अगस्त, बीना-सिरोंज हाईवे पर सांदीपनी विद्यालय के सामने मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हो गया. सड़क किनारे खड़ी डीजे गाड़ी में सुधार कार्य चल रहा था, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे एक अनियंत्रित ट्राले ने डीजे वाहन को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्राला सड़क से गुजर रहे दूसरे ट्राले से जा भिड़ा. हादसे में तीन वाहन आपस में टकरा गए.

दुर्घटना में एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है. हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम थाना प्रभारी आर.के. मिश्र के नेतृत्व में तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया.हादसे के कारण बीना-सिरोंज हाईवे पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. स्थानीय नगरवासियों ने भी तत्परता दिखाते हुए पुलिस के साथ राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग किया. पुलिस और स्थानीय लोगों द्वारा क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराने के प्रयास किए जा रहे हैं.

शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का आरोप, सीमांकन कराने की मांग

नवभारत न्यूज

सिरोंज, शासकीय गोहा व नहर का सीमाकंन कराकर अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर शिकायतकर्ता राजेंद्र सिंह रघुवंशी ने अनुविभागीय अधिकारी को एक आवेदन सौंपा. जिसमें उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि शासकीय भूमि, गोहा, नहर पर भूमाफियाओं द्वारा अतिक्रमण कर पक्का निर्माण किया जा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि सिरोंज बासौदा रोड पर शासकीय गोहा जो लगभग 30 से 40 फिट चौडाई में है. भूमाफियाओं ने कब्जा कर अबैध रूप से पक्का निर्माण किया जा रहा है. सिरोंज के कुरवाई रोड पर नहर पर भी भूमाफिया अतिक्रमण कर रहे हैं. ईमलानी रोड पर शासकीय गोहा पर भी भूमाफिया अतिक्रमण कर रहे हैं. उन्होंने इनका सीमांकन कराने की मांग की है.

भारी बारिश से पुराने पुल पर बढ़ा खतरा, नया पुल अधूरा होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ीं

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. लगातार हो रही भारी बारिश से बेतवा नदी का पुराना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है. पुल पर जगह-जगह गहरे गड्ढे और दरारें पड़ने के साथ पानी ऊपर आने से आवागमन प्रभावित हो गया है. बरीघाट के पुल पर भी कभी पानी ऊपर आ रहा है तो कभी उतर रहा है, जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है.

पुराना पुल जर्जर होने के बावजूद नया पुल अब तक अधूरा पड़ा है. बरसात से पहले इसका निर्माण पूरा होना था, लेकिन ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के चलते काम पूरा नहीं हो सका. इससे अंबानगर, कुरवाई, महलुआ चौराहा, सिरोंज, लटेरी सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों और बाहर से आने-जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. भारी बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं और खेतों में पानी भर गया है. ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई गई मिट्टी-मुरम की सड़कें भी बह गई हैं. कई गरीब परिवारों की झोपड़ियां क्षतिग्रस्त होने से उनके सामने रहने और रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है.

देवपुर बाईपास निर्माण पर उठे सवाल, जांच की मांग

- पुलिया पर अभी से पानी, डैम का जलस्तर बढ़ा, तो पुलिया पर पानी आने का दावा

नवभारत न्यूज

सिरोंज, बाबा विश्वनाथ की नगरी देवपुर धाम में बन रहे बाईपास निर्माण को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं. निर्माण कार्य में कथित तौर पर बरती जा रही लापरवाही के आरोप सामने आए है.सरपंच प्रतिनिधि अर्जुन राजपूत ने आरोप लगाते हुए कहा है कि डैम पर बनाई गई पुलिया पर अभी से करीब एक से डेढ़ फीट पानी आ गया है. बताया जा रहा है कि डैम का छरछरा चलने में अभी करीब 2 फीट पानी की जगह बाकी है. यदि जलस्तर बढ़ता है और छरछरा चलता है तो पुलिया करीब ढाई से तीन फीट तक पानी में डूब सकती है. उन्होंने कहा कि यदि बारिश के दौरान डैम का जलस्तर बढ़ने पर पुलिया पानी में डूब जाती है तो इस हिस्से में बनाए जा रहे बाईपास की उपयोगिता पर सवाल खड़ा होगा. हालांकि अभी निर्माण कार्य जारी है, ऐसे में जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है. वहीं उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि गांव में भी दो-तीन स्थानों पर ऐसे पाइप लगाए गए हैं, जिनसे पानी की निकासी ठीक से नहीं हो पा रही है. पानी रुकने के कारण सड़क के आसपास कीचड़ फैल रहा है और ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है. वहीं कुछ स्थानों पर पाइप नहीं डाले जाने से बारिश का पानी सड़क के ऊपर से बह रहा है. उन्होंने कहा कि बाईपास के निर्माण के शुरुआती चरण में ही यदि तकनीकी खामियां रह गईं तो आगे चलकर परेशानी हो सकती है. उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण स्थल का निरीक्षण कर पुलिया की ऊंचाई की तकनीकी जांच कराने की मांग की है. उनका कहना है कि निर्माण पूरा होने से पहले खामियां सामने आ जाएं तो उन्हें सुधारा जा सकता है.

गंजबासौदा में मूर्तिकारों की बैठक, पीओपी की मूर्तियां बनाने पर पूर्ण प्रतिबंध

प्रशासन ने दी सख्त चेतावनी, मिट्टी और प्राकृतिक रंगों से मूर्तियां बनाने की अपील

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने इस वर्ष प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की मूर्तियों के निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है. सोमवार शाम 4 बजे स्थानीय पटवारी सभागृह में शहर के समस्त मूर्तिकारों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में एसडीएम अनुभा जैन, सीएमओ अशोक वर्मा, नगर पालिका के निरन डे एवं स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना मौजूद रहे.

एसडीएम अनुभा जैन ने मूर्तिकारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस वर्ष कोई भी मूर्तिकार पीओपी की मूर्ति का निर्माण नहीं करेगा. उन्होंने कहा कि नदी और तालाबों में विसर्जन के दौरान मिट्टी की मूर्तियां पानी में घुल जाती हैं, जबकि पीओपी की मूर्तियां आसानी से नहीं घुलतीं. इससे जल स्रोत प्रदूषित होने के साथ जलीय जीवों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. उन्होंने मूर्तिकारों से मिट्टी एवं प्राकृतिक रंगों से पर्यावरण अनुकूल मूर्तियां बनाने की अपील की.प्रशासन ने चेतावनी दी कि यदि कोई मूर्तिकार पीओपी की मूर्ति बनाते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा निर्माण सामग्री जब्त की जा सकती है.नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव ने भी मूर्तिकारों से पीओपी की मूर्तियां नहीं बनाने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. बैठक में मौजूद सभी मूर्तिकारों ने प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और पर्यावरण मित्र मूर्तियां बनाने का संकल्प लिया.

विदिशा के प्रमुख चौराहों पर लगेंगे 48 एचडी सीसीटीवी कैमरे

- एसबीआई ने सीएसआर के तहत दी 9.94 लाख रुपये की सहायता राशि
- अपराध नियंत्रण और यातायात व्यवस्था में मिलेगी मदद

नवभारत न्यूज

विदिशा. शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने महत्वपूर्ण पहल की है. बैंक द्वारा विदिशा शहर के प्रमुख एवं व्यस्त चौराहों पर 48 एचडी सीसीटीवी कैमरों की स्थापना के लिए सीएसआर के तहत 9.94 लाख रुपये की प्रायोजन राशि प्रदान की जा रही है.

सीसीटीवी कैमरों की स्थापना पुलिस अधीक्षक कार्यालय विदिशा के माध्यम से की जाएगी. कैमरों के लगने से शहर के प्रमुख चौराहों की निगरानी व्यवस्था मजबूत होगी. इससे कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात प्रबंधन और आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने में पुलिस प्रशासन को महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी. साथ ही किसी भी घटना की स्थिति में सीसीटीवी फुटेज जांच और कार्रवाई में उपयोगी साबित होगी.इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक (जीएम) भरत कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) धीरज कुमार राय एवं लीड बैंक मैनेजर (एलडीएम) भगवान सिंह बघेल ने पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें सांकेतिक चेक प्रदान किया.एसबीआई की इस पहल को विदिशा शहर को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और स्मार्ट बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. बैंक की सीएसआर पहल से पुलिस की निगरानी क्षमता बढ़ने के साथ आम नागरिकों को भी सुरक्षा का बेहतर वातावरण मिलने की उम्मीद है.

विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रयास रंग लाए, पुरानी मंडी मुआवजे का मुद्दा कृषि मंत्री के समक्ष उठा

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, क्षेत्र के व्यापारियों की वर्षों पुरानी मांग को लेकर विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रयास रंग लाए. विधायक के विशेष प्रयासों से अनाज तिलहन व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पुरानी मंडी से जुड़े वर्षों से लंबित मुआवजे के प्रकरण को विस्तारपूर्वक मंत्री के समक्ष रखा.कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने व्यापारियों की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उचित एवं शीघ्र समाधान कराने का भरोसा दिलाया. व्यापारी संघ ने विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने व्यापारियों की समस्या को प्राथमिकता से उठाकर कृषि मंत्री के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा है.

पेयजल, पेंशन और ट्राइसाइकिल की समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई

> दिव्यांगों ने मांगी ट्राइसाइकिल, कलेक्टर ने दिए तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश

नवभारत न्यूज

नटेरन, 11 अगस्त. जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए. जनसुनवाई में कुल 165 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 92 का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए.

नटेरन तहसील के ग्राम ताजखजूरी के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नल-जल योजना के तहत नियमित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं होने की शिकायत की. कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को गांव पहुंचकर पानी की टंकी, मोटर, पाइपलाइन और नल कनेक्शनों की तकनीकी जांच कर तत्काल सुधार कराने के निर्देश दिए. योजना के संचालन में लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी दिए.विदिशा के बंटीनगर निवासी बुजुर्ग छोटेलाल कुशवाह ने तीन माह से वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने की शिकायत की. कलेक्टर के निर्देश पर तकनीकी समस्या का निराकरण कराया गया. ग्यारसपुर क्षेत्र के सनमान सिंह की पेंशन संबंधी शिकायत पर भी कार्रवाई शुरू की गई, जबकि कुंवर बाई की बंद पेंशन बहाल कराने की प्रक्रिया जारी है.

बारिश ने रोका रास्ता, दोपहर बाद बरीं घाट से पहुंचे बासौदा

नवभारत न्यूज

सिरोंज, गत दिनों हुई जोरदार बारिश का असर मंगलवार को सड़क यातायात पर भी दिखाई दिया. सिरोंज-बासौदा मार्ग पर मंगलवार को सुबह आवागमन बाधित रहा. हालांकि दोपहर बाद बरीं घाट के रास्ते से वाहनों का आवागमन शुरू हो गया और यात्री बासौदा की ओर पहुंच सके. मार्ग खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली. इससे एक दिन पहले सोमवार को भी बारिश के कारण सिरोंज-भोपाल मार्ग पर दोपहर बाद ही आवागमन शुरू हो सका था. लगातार बारिश के चलते मार्गों की स्थिति को लेकर यात्रियों में असमंजस बना रहा. मंगलवार को दिनभर सिरोंज बस स्टैंड पर यात्री मार्ग की स्थिति की जानकारी लेते नजर आए. कई यात्री बसों के संचालन और रास्ता खुलने का इंतजार करते रहे. बारिश के चलते यात्रियों को सफर से पहले मार्ग की स्थिति पता करने की मजबूरी बनी रही.

समस्याएं नहीं सुलझीं तो होगा गंजबासौदा बंद- विकास शर्मा

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विकास शर्मा ने शहर की बिगड़ती व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पर नाराजगी जताई है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा जनहित की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है.विकास शर्मा ने कहा कि शहर में अघोषित बिजली कटौती से आम नागरिक, व्यापारी और विद्यार्थी परेशान हैं. पार्किंग व्यवस्था बदहाल होने से आए दिन जाम की स्थिति बन रही है. नशे का अवैध कारोबार बढ़ने से युवाओं के भविष्य पर गंभीर असर पड़ रहा है. वहीं स्मार्ट मीटर को लेकर भी उपभोक्ताओं में असंतोष है और अधिक बिजली बिलों की शिकायतें सामने आ रही हैं.उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही, पेयजल, साफ-सफाई और बदहाल सड़कों सहित अन्य समस्याओं का भी उल्लेख किया. शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से ज्ञापन देने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है.उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो कांग्रेस व्यापक आंदोलन करेगी.

महिला एवं बाल विकास विभाग ने निकाली तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

विदिशा, 11 अगस्त. हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को कलेक्टर के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई. यात्रा को विधायक मुकेश टंडन एवं नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीती राकेश शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

तिरंगा यात्रा पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर नीमताल होते हुए माधवगंज चौराहे तक पहुंची. यात्रा के दौरान महिलाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ देशप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया. यात्रा के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया.यात्रा में महिला एवं बाल विकास विभाग की लगभग 300 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता कांसवा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के प्रति कृतज्ञता की भावना मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है. उन्होंने नागरिकों से अपने घरों पर तिरंगा फहराकर अभियान में सहभागिता की अपील की.कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं. पूरी यात्रा के दौरान वातावरण राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम के उत्साह से सराबोर रहा.

अभियान से बदली तस्वीर, विदिशा में 8,367 हितग्राहियों के बने जाति प्रमाण पत्र

नवभारत न्यूज

विदिशा,विशेष अभियान से जाति प्रमाण पत्र से वंचित पात्र हितग्राहियों को बड़ी राहत मिली है.कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिले की सभी तहसीलों में चलाए गए विशेष अभियान के तहत 8,367 आवेदकों के जाति प्रमाण पत्र तैयार किए गए हैं.यह जानकारी सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सामने आई. जाति प्रमाण पत्र शासन की विभिन्न योजनाओं, छात्रवृत्तियों, शैक्षणिक अवसरों और अन्य शासकीय सुविधाओं का लाभ लेने के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज है. इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने ऐसे पात्र हितग्राहियों को चिन्हित करने और उनके प्रमाण पत्र बनवाने के लिए विशेष अभियान चलाया. अभियान के दौरान तहसील एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों-कर्मचारियों ने डोर-टू-डोर संपर्क कर उन हितग्राहियों की जानकारी जुटाई, जिनके जाति प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बने थे. तहसीलवार उपलब्धि में कुरवाई तहसील 1,846 जाति प्रमाण पत्र बनाकर सबसे आगे रही। इसके बाद बासौदा में 1,358, शमशाबाद में 1,106, विदिशा में 1,047, ग्यारसपुर में 893, त्योंदा में 771, नटेरन में 679, सिरोंज में 566, लटेरी में 550, पठारी में 324 तथा गुलाबगंज तहसील में 219 जाति प्रमाण पत्र बनाए गए.



मामला कुरवाई की 10 पंचायतों को मिले प्रभारी सचिव, प्रशासनिक लापरवाही पर खबर पड़ी भारी

'नवभारत' की खबर का बड़ा असर, जागी जिला पंचायत

नवभारत न्यूज

कुरवाई. कुरवाई जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों में सचिवों की कमी से गहराए प्रशासनिक संकट को लेकर 'नवभारत' द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित खबर का बड़ा असर हुआ है. खबर प्रकाशित होने के बाद जिला पंचायत प्रशासन हरकत में आया और जिला पंचायत विदिशा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से दो अलग-अलग आदेश जारी कर कुरवाई की 10 रिक्त ग्राम पंचायतों में पड़ोसी पंचायतों के सचिवों को अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है.

> **खबर छपते ही जारी हुए दो आदेश**
>
> खबर प्रकाशित होने के बाद स्थानांतरण से रिक्त 7 पंचायतों में नई प्रभार व्यवस्था की गई है. धारूखेड़ी का प्रभार तमोईया के सचिव गनपत सेन, लायरा का लचायरा के सचिव अमीन खां, सिमरधान का बाबईखुर्द के सचिव कल्याण सिंह गुर्जर, ईसाखेड़ी का लेटनी के सचिव भूपत सिंह, उकावद का धामोनीपुरा के सचिव नरेंद्र कुर्मी, बंद्रावठा का छपारा के सचिव रविंद्र व्यास तथा कैथेरा का प्रभार राजपुर के सचिव अजय सिंह कुर्मी को सौंपा गया है.

इससे लंबे समय से प्रभावित पंचायतों के कामकाज को गति मिलने की उम्मीद है.

'नवभारत' ने अपनी विशेष रिपोर्ट में कुरवाई जनपद पंचायत की 75 ग्राम पंचायतों में सचिवों की भारी कमी का मामला उठाया था. रिपोर्ट के अनुसार 23 पंचायतें स्थायी सचिवों के अभाव में संचालित हो रही थीं. इनमें 12 पंचायतें पूरी तरह सचिव विहीन थीं, जबकि 11 पंचायतों में एक सचिव पर दो-दो पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार था. सचिवों की कमी के कारण जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा भुगतान सहित पंचायत स्तर के कई जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे थे.

वहीं सेवानिवृत्ति के कारण रिक्त रूसिया पंचायत का प्रभार पैराखेड़ी के सचिव विशन सिंह राजपूत, धुवा का काछी कुम्हरिया के सचिव मुकेश शर्मा तथा कूल्हन का पीकलोन के सचिव जितेंद्र सिंह दांगी को दिया गया है. यह व्यवस्था आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी.

प्रशासन की इस कार्रवाई से 10 पंचायतों में लंबे समय से प्रभावित कामकाज को गति मिलने की उम्मीद है. ग्रामीणों का कहना है कि सचिवों की कमी के कारण जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन, आवास, मनरेगा सहित कई जरूरी कार्य अटके हुए थे. अब अतिरिक्त प्रभार मिलने से इन कार्यों के शीघ्र निपटारे की उम्मीद है. 'नवभारत' की खबर के बाद जिला पंचायत प्रशासन की त्वरित कार्रवाई को ग्रामीणों के हित में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पेक्स बरींघाट

पंजीयन क्रमांक 8427/16/10/1957 दिनांक 7/8/26

:: वार्षिक सूचना पत्र ::

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बरींघाट के सभी अंशधारी सम्मानीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की बार्षिक आम सभा का आयोजन दिनांक 27/8/26 दिन गुरुवार को दोपहर एक बजे से संस्था कार्यालय बरींघाट मुख्यालय गुलाबगंज संस्था के ठहराव क्रमांक दिनांक 7/8//26 के अनुसार तय की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात होगी, जिसमें गणपूर्ती की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

शिवराज सिंह राजपूत
समिति प्रबंधक
बी पेक्स बरींघाट

किशोर कुमार अहिरवाल
प्रशासक
बी पेक्स बरींघाट